प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 01.09.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–भारत की 7 दशमलव 8 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि देशवासियों की मेहनत और सामूहिक संकल्प का परिणाम, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता पर दिया बल
- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा– देश का रक्षा उत्पादन एक लाख अठहत्तर हजार करोड़ रुपये तक पहुंचा, ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाई बढ़ती रक्षा आत्मनिर्भरता।
- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय का दिल्ली में दो दिवसीय शिखर सम्मेलन, पेयजल मंत्री योगेन्द्र प्रसाद भी शामिल, जल सुरक्षा का तैयार होगा रोड मैप।
- केंद्रीय गोबरधन योजना आज से प्रभावी , संपीड़ित बायोगैस के उत्पादन और उपयोग को बढ़ाने पर जोर ।
- और भारी बारिश के बीच मौसम विभाग ने झारखंड में फ्लैश फ्लड की चेतावनी जारी की, खरकई नदी का जलस्तर खतरे के निशान से पार, लोगों को किया गया अलर्ट।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की 7 दशमलव 8 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि 140 करोड़ देशवासियों की मेहनत और सामूहिक संकल्प का परिणाम है। आज सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कोविड महामारी के बाद से जारी युद्ध और वैश्विक अस्थिरता जैसी चुनौतियों के बावजूद भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास की इस गति को बनाए रखने के लिए आत्मनिर्भर भारत बनना जरूरी है।

*********************

केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि केन्द्र सरकार ने 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के वार्षिक रक्षा उत्पादन और पचास हजार करोड़ रुपये के रक्षा निर्यात का लक्ष्य रखा है। नई दिल्ली में सेंटर फॉर जॉइंट वॉरफेयर स्टडीज़ के द्वितीय वार्षिक ट्राइडेंट व्याख्यान में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री सेठ ने कहा कि देश का रक्षा उत्पादन लगभग एक लाख अठहत्तर हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने भारत की बढ़ती रक्षा आत्मनिर्भरता को प्रदर्शित किया।

*********************

जल शक्ति मंत्रालय सहकारी संघवाद को मजबूत करने, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के सामूहिक स्वामित्व को बढ़ावा देने और केंद्र–राज्य के घनिष्ठ सहयोग के माध्यम से परिणामों में तेजी लाने के लिए आज नई दिल्ली में दो दिन के विभागीय शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस आयोजन में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शिरकत करेंगे।

*********************

दो दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचे प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर ने बीसीसीएल अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कंपनी के प्रदर्शन को सुधारने और मुनाफे में लाने का निर्देश दिया। श्री कपूर ने झरिया के अग्नि प्रभावित और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में सुरक्षा तथा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

*********************

सर्वोच्च न्यायलय ने तेजाब की खुदरा बिक्री को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार से इसकी बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के बारे में जानकारी मांगी है। यह निर्देश वर्ष 2013 में दिए गए निर्देश के बावजूद तेजाब की आसानी से उपलब्धता पर चिंताओं के बीच आया है। न्यायालय ने केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छह सप्ताह के भीतर तेजाब हमले के पीड़ितों के पुनर्वास के लिए उचित नीति तैयार का भी निर्देश दिया।

*********************

पश्चिम सिंहभूम के चाईबासा सदर अस्पताल में चार महीने के बच्चे की मौत के बाद शव वाहन नहीं मिलने पर प्लास्टिक बैग में शव ले जाने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने झारखंड स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव और पश्चिम सिंहभूम के उपायुक्त को मामले की जांच कर चार सप्ताह के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*********************

केंद्रीय गोबरधन योजना आज से प्रभावी हो गई है। यह योजना 23 हजार 731 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय की है। भारत में संपीड़ित बायोगैस के उत्पादन और उपयोग को बढ़ाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना 2035–36 तक लागू रहेगी। संपीड़ित बायोगैस भारत के भविष्य के ऊर्जा मिश्रण का एक प्रमुख स्तंभ बनाएगी। इस योजना का उद्देश्य घरेलू संपीड़ित बायोगैस उत्पादन को लगभग दस गुना बढ़ाना है। यह बड़े पैमाने पर निजी निवेश को आकर्षित करेगी।

*********************

फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2026–27 के कार्यकारिणी समिति और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया जारी है। नामांकन के पहले दिन कल 42 लोगों ने नामांकन फॉर्म जमा किया। नामांकन करने की अंतिम तिथि आज शाम 4 बजे तक है। चुनाव पदाधिकारी अंचल किंगर ने कहा कि व्यापारी इस उम्मीद के साथ नई टीम का चुनाव करते हैं कि आने वाले समय में व्यापारियों की समस्या और उसके निदान के लिए एक सशक्त टीम बनेगी।

*********************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक में आज शुरूआत के कारोबार में मामूली गिरावट के बाद वृद्धि दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 198 अंक बढ़कर 77 हजार 155 पर जबकि निफ्टी 36 अंक की वृद्धि के साथ 24 हजार 116 पर था।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 45 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 45 हजार रूपये प्रति किलो है।

*********************

रांची में जिला परिवहन विभाग ने प्राइवेट स्कूल वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया. अभियान के दौरान ओवरलोडिंग कर बच्चों को ले जाने वाले कई वाहनों पर कार्रवाई की गई. डीटीओ अखिलेश कुमार ने इसे बच्चों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ मानते हुए वाहन चालकों को कड़ी चेतावनी दी.

*********************

झारखंड में भारी बारिश के बीच मौसम विभाग ने सभी  जिलों में फ्लैश फ्लड की चेतावनी जारी की है। अगले 24 घंटों के दौरान जलक्षेत्रों और आस–पास के इलाकों में कम से मध्यम स्तर की अचानक बाढ़ का खतरा रहने की संभावना है। इधर लगातार हो रही बारिश से राज्य में जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है सरायकेला–खरसावां  जिले में लगातार हो रही अत्यधिक वर्षा के कारण खरकाई नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जिला प्रशासन ने नदी के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को एक बार फिर सतर्क रहने की अपील की है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हमारे संवाददाता

पलामू, में सोन नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए  हुसैनाबाद क्षेत्र में प्रशासन और जल संसाधन विभाग ने नदी किनारे रहने वाले ग्रामीणों, किसानों और पशुपालकों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

*********************